तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जुलाई 2024



12 सुपर 40 बागबाहरा का बढ़ता कारवां, प्रयास स्कूल..





12 हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने बिताए फुर्सत के पल











## मुख्य मार्ग जर्जर, लोगों के लिए बनी मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कीचड़ में चलकर स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

ग्राम बोरियाझर-खट्टी से आमाकोनी, तुसदा, ढोड़, तमोरा एवं 8 से 10 गांव के जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जर्जर अवस्था में है। जिसके चलते आसपास के गांवों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चे कीचड़ में चलकर स्कूल जाने को मजबूर है। ग्रामीण लोगों ने इस मार्ग के मरम्मत कराए जाने की मांग कई बार की है। जगह-जगह गड्ढे होने से बरसात के दिनों में पानी भर जा रहा है और लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में अथवा वाहनों के तेज रफ्तार में चलने से यहां भीषण दुर्घटना की संभावना है।

ग्राम खट्टी निवासी श्रीकांत शर्मा ने बताया है कि यह मार्ग बोरियाझर से खट्टी होते हुए 10 से 12 गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ती है जो गर्मी के दिनों से जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग में गड्ढे ही दिखाई दे रहे है जो इस मार्ग से आवाजाही करने वाले ग्रामीणों के लिए मुसबीत बना हुआ है।

### इस मार्ग चौड़ीकरण के लिए 50 लाख आबंटित

विधायक ने अपने पहले वित्तीय बजट में इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूत करने के लिए 50 लाख का प्रावधान किया है जो लभराकला तक निर्माण होना है जिसका मरम्मत कार्य जल्द करने की मांग कर रहे है जिससे लोगो को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### आए दिन हादसे

ग्रामीण श्रीकांत शर्मा, नंद कुमार निषाद, रोशन यादव, राकेश साहू, प्रेम लाल साहू आदि ने बताया है कि इस मार्ग पर बहुत गड्ढे जो बारिश के पानी से भर जाते हैं, जिसके चलते बाइक सवार गहराई का अनुमान नहीं लगा पाते है और हादसों का शिकार हो रहे हैं। मार्ग पर डामरीकरण की मांग करने के साथ ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जिम्मेदार अफसर इस पर संज्ञान लेते हुए सुधार की दिशा में पहल करेंगे।



## खबर संक्षेप

### एक और ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम पकड़ीपाली के ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर एक और ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। गणेश चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, नंदकिशोर चंद्राकर ने आदि ने बताया कि पकड़ीपाली गांव में लगातार बिजली की समस्या बनी हुई है। एकमात्र ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ते ही शार्ट सर्किट हो जाता है और पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। वहीं, शार्ट सर्किट होने से आग लगने का भय बना होता है। वहीं, बिजली सप्लाई बाधित होने से बोर व नल नहीं चल पाते, जिससे पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। इसलिए, गांव में एक और ट्रांसफार्मर लगाना जरूरी हो गया है।

### क्लिनिक के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक क्लिनिक के सामने से बाइक चोरी हो गई। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि टीकाराम चंद्राकर निवासी ग्राम गांजर 25 जुलाई की दोपहर 12 बजे अपनी मोटर सायकल पैशन क्रमांक सीजी 06 जीसी 9661 में अपनी पुत्री युक्ति चंद्राकर के साथ बागबाहरा चंद्राकर डेन्टल क्लिनिक आया हुआ था। जब क्लिनिक से बाहर निकला तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**सावन की झड़ी:** सप्ताह से हो रही बारिश से तालाब, छोटे जलाशय हुए लबालब

## लगातार बारिश, अधिक जलभराव के चलते फूटा द्वारतला कला का बांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**40 किसानों के करीब 80 एकड़ में लगी धान की फसल पानी में डूबी**



जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद सावन माह की शुरुआत से लगातार बारिश हो रही है। जिले के अलग-अलग इलाकों में हो रही बारिश सोमवार से शनिवार तक नही थमी वहीं लगातार बारिश बारिश के कारण जिले के नदी, नालों में पानी का तेज बहाव देखने को मिल रहा है, तो पोखर और छोटे जलाशय लबालब भर चुके हैं। इस दौरान जिले की औसत बारिश 429 मिमी तक पहुंच गई। वहीं, बागबाहरा ब्लॉक के द्वारतला कला का बांध का मेड़ बीच से फूट जाने के कारण किसानों के करीब 80 एकड़ में लगी धान की फसल चौपट हो गई है।

जिले मे पिछले एक हफ्ते से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण बागबाहरा विकास खण्ड के ग्राम द्वारतराकला जलाशय आज सुबह फूट गया। अधूरे बने जलाशय के फूटने से ग्राम द्वारतराकला, द्वारतराखुर्द, भालूकोना के लगभग 40 किसानों का लगभग 80 एकड़ मे लगी धान की फसल चौपट हो गई है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो गया है। जलाशय फूटने के समय जलाशय मे 14 फुट पानी भरा हुआ था। द्वारतरा कला के सरपंच भूखन सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2000 में अकाल के समय पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने राहत मद से 30 एकड़ में इस जलाशय का निर्माण मजदूरों को रोजगार व निस्तारी के लिए कराया था, जो बाद मे नतई नाला से जुड़ता। लेकिन, काम अधूरा रहने के कारण इस जलाशय से निस्तारी किया जाता रहा। इस जलाशय में पिछले वर्ष से ही रिसाव हो रहा था, जो रविवार को पानी का दबाव बढ़ते ही फूट गया।

### सिंचाई विभाग में रिकार्ड नहीं

सिंचाई विभाग में जहां द्वारतला कला के जलाशय का कोई रिकार्ड नहीं है, वहीं जनपद पंचायत बागबाहरा सीईओ द्वारा इसमें मछली पालन का कार्य जरूर करवाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि बीती रात को जब ग्रामीण अपने घरों में सो रहे थे, तब इस जलाशय का मेड़ फूटा है। मिट्टी, गिट्टी, पीचिंग कार्य में लगे बोल्डर आदि पानी के साथ बहकर खेतों में चले गए, जिससे धान की फसल दब गई। अब फसल के बर्बाद को लेकर किसान चिंतित है।

### औसत बारिश का अंतर हुआ कम

आषाढ़ माह सूखा बीतने के बाद सावन माह की शुरूवात में हो रही बारिश से औसत वर्षा का अंतर कम हो गया है। यदि इसी तरह और बारिश हुई तो जिले में भी बारिश का औसत सामान्य में पहुंच जाएगा। वहीं, बीते 24 घंटे में हुई झमाझम बारिश से जलाशयों का जलस्तर में भी तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। कोडार जैसे बड़े जलाशय में इस दौरान जहां 1.10 फीट जलभराव होकर कुल 14.20 फीट पहुंच गया है। वहीं, छोटे जलाशय तकरीबन भरने के कगार पर है।

## मोबाइल एप के जरिए किया इनवेस्टमेंट, चार युवकों ने गंवाए 7.75 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दोगुनी रकम मिलने की लालच में आकर मोबाइल एप के माध्यम से इनवेस्टमेंट करने वाले 4 युवकों को 7.75 लाख रुपए की चपत लग गई। धोखाधड़ी का शिकार होने के बाद युवक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

पुलिस को प्रार्थी रमनटोला कालोनी निवासी व भवगती इंडस्ट्रीज बेलसोंडा (राईस मिल) लेखापाल योगेश साहू पिता सेतराम साहू ने बताया कि उसने अपने मोबाईल में डेटा मिर एआई के नाम से एप डाउनलोड किया है। इस एप में रकम इन्वेस्ट करने का ऑप्शन जिसके द्वारा 2 जून .2024 को एप में चले एक सीरीज में उसके द्वारा रकम इन्वेस्ट किया, उसके बाद एप को बदलकर थर्ड आई एआई नाम का एप यूज करने लगा। जिसका मोबाइल नंबर संदीप टंडन के नाम से है, जो इनवेस्ट के संबंध में बताता था। संदीप टंडन के द्वारा कैश डिपाजिट का स्कीम चलाया गया जिसमें इन्वेस्ट की गई रकम दोगुनी होने के बारे में बताया गया।

इसके बाद प्रार्थी ने उसका डबल हो जायेगा, यह बताने पर इस एप में 02 जून 24 को 9000 रुपए, 10 जून 24 को 12000 रुपए, 16 जून 24 को 5000 रुपए, 18 जून 24 को 5000, 5000 रुपए, 26.06.24 को 15000 रुपए, 28.06.24 को 50,000 रुपए, 03.07.24 को 18,000 रुपए, 12,000 रुपए, 04.06.24 को 30,000 रू, 6000 रुपए, 05.07.24 को 17,000 रुपए, 08.07.24 को 42000 रुपए, 10.07.24 को 14,000 रुपए, 10,000 रुपए, 13.07.24 को 47,000 रुपए, 18.07.24 को 12,000 रुपए, 20.04.24 को 18,000 रुपए, 40,000 रुपए, 21.07.24 को 1,000 रुपए, 22.07.24 को 7,000 रुपये कुल 3,75,000 रुपए तथा प्रार्थी के साथी दानेश्वर साहू ने उक्त एप में 22.07.24 को एचडीएफसी नेट बैंकिग के माध्यम से गोवडा वेंकटा श्रीनिवासु साउथ इंडियन बैंक के नाम से 50,000 रुपए इन्वेस्ट किया है। इन्वेस्ट करने के बाद एप द्वारा एमाउंट को फ्रीज कर दिया है एवं प्रार्थी अन्य साथी सुभाषचंद्र बोस के द्वारा 2,79,000 रुपए एवं सुबीर पाल के द्वारा 71,000 रुपए का इन्वेस्ट किया है जो कुल राशि 7,75,000 रुपए है। इसके बाद संदीप टंडन का मोबाईल नंबर तथा कस्टमर नंबर और एप को भी बंद कर दिया है। प्रार्थी ने बताया कि मोबाईल धारक संदीप टंडन द्वारा एप के माध्यम से कुल राशि 7,75,000 रुपए जमा करवाकर धोखाधड़ी किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## आम मुख्तयारनामा निरस्त होने के बाद भी जमीन बेची, धोखाधड़ी की शिकार महिला ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**बागबाहरा पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया**

जमीन बिक्री कराने के नाम पर बागबाहरा खुर्द की एक महिला के साथ छह लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने की मामला सामने आया है। बागबाहरा पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार बागबाहरा खुर्द विरान निवासी रोशनी पांडे पति प्रेमप्रकाश पांडे (33 साल) ने गोवर्धन धनगर, महादेव धनगर, आत्माराम धनगर के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बोरियाखुर्द, पटवारी हल्का नंबर 71 रानिम रायपुर स्थित असिंचित पड़त भूमि खसरा नंबर-392/1 का भाग, रकबा 1350 वर्गफुट भूमि को खरीदने के लिए सौदा किया था। प्रार्थिया ने बताया कि उक्त भूमि को गोवर्धन धनगर, महादेव धनगर एवं आत्माराम धनगर ने 18 जून 2018 को पंजीकृत आम मुख्तयारनामा द्वारा मुकावन दास कश्यप को उपरोक्त भूमि एवं अन्य भूमि के संबंध में अपना आम मुख्त्यार नियुक्त कर उपरोक्त संपत्ति / भूमि के विक्रय हेतु सौदा करन संपत्ति विक्रय करने, विक्रय पत्र हस्ताक्षर कर निष्पादित करने एवं विक्रय प्रतिफल की राशि प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया था।

इसके बाद मुकावन दास ने आम मुख्तयार के आधार पर उपरोक्त भूमि खसरा नंबर- 392/1 रकबा 1350 वर्गफुट का प्रार्थिया से 6,00,000 में विक्रय करने का सौदा किया। इसके बाद प्रार्थिया ने 21 जून 2018 को आम मुख्तयारनामा एवं भूमि के दस्तावेज खसरा बी-1, ऋण पुस्तिका, देखकर सौदा करते हुए बयान राशि 50,000 नगद मुकावन दास को दिया गया तथा शेष राशि रजिस्ट्री के समय देना तय किया गया लेकिन कुछ समय बाद मुकावन दास ने रुपए की आवश्यकता बताकर प्रार्थिया से रुपए की मांग की, जिस पर 26 सितंबर 2018 को 50,000, 20 अक्टूबर 2018 को 3,00,000 रुपए दिया गया। शेष राशि 2,00,000 रजिस्ट्री 17 जनवरी 2019 को आम मुख्तयार मुकावन कश्यप के कहने पर महादेव धनगर के नाम पर अदा कर दिया है। इसके बाद 17 जनवरी 2019 को आम मुख्तयार मुकावन दास कश्यप ने सौदा की भूमि का विक्रय पत्र रजिस्ट्री मेंरे पक्ष में निष्पादित की गई।

प्रार्थिया ने रजिस्ट्री होने के पश्चात तहसीलदार रायपुर के समक्ष नामांतरण आवेदन प्रस्तुत कर अपने नाम पर जमीन नामांतरण किए जाने की मांग की, जिस पर तहसीलदार रायपुर आदेश ने 23 अक्टूबर 2020 को रजिस्ट्री द्वारा क्रय की गई भूमि प्रार्थिया नाम से नामांतरण किए जाने का आदेश दिया गया। इसके बाद मूल भूमि स्वामी गोवर्धन धनगर, महादेव धनगर, व आत्माराम धनगर द्वारा अनुविभागीय रायपुर के समक्ष नामांतरण आदेश को 23 अक्टूबर 2020 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया कि उन्होनें आम मुख्तयारनामा दिनांक 18 जून 2018 को दिनांक 02 जुलाई 2018 को पंजीकृत मुख्यारनामा निरस्तीकरण विलेख द्वारा निरस्त कर दिया है। इसलिए मुख्यारनामा के आधार पर निष्पादित विक्रय विलेख रजिस्ट्री के आधार पर पारित नामांतरण आदेश दिनांक 23-10-2020 को निरस्त किया जाए। इस आधार पर अनुविभागीय अधिकारी रायपुर द्वारा दिनांक 6 अप्रैल 2022 द्वारा नामांतरण आदेश 23 अक्टूबर 2020 को निरस्त कर दिया है। ऐसे में मुकावन दास द्वारा आम मुख्तयारनामा निरस्त होने के बाद भी अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर सांठ-गांठ कर धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थिया ने रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि उसके अलावा ज्योति भोई, माया रजत, शोचा भाई से भी इसी तरह जमीन का सौदा कर रकम लेकर धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने मामले आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव हाइवे में एक ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक एक युवक को कुचलते हुए ट्रक आगे निकल गया, जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक में तीन लोग सवार थे। एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, एक युवक को मामूली और दूसरे युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बोरसी निवासी गिरिराज यादव दो मित्रों के साथ बाइक क्रमांक सीजी 23 एम 4990 में सिरपुर जा रहे थे। तभी भोरिंग चौक से आगे स्थित एनएच 53 के तिराहे के पास ट्रक क्रमांक जीजे 24 एडब्ल्यू 9802 ने पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे गिरिराज यादव ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बाकी उनके दो साथ दूर छिटक गए, जिससे उन्हें मामूली चोंटे आई।

### खेत से कृषि उपकरणों की चोरी


**महासमुंद।** ग्राम चौकबेड़ा के एक खेत से कृषि उपकरणों की चोरी हो गई। तेंदूकोना थाने में मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस को प्रार्थी शाक्य शैलेष चंद्रम पिता अनिल प्रसाद कुशवाहा निवासी चितमातांड जिला गिरीडीह झारखंड हाल मुकाम खेड़ीगांव ने बताया कि वह ग्राम चौकबेड़ा में मेघराज जगत के खेत को लीज में लेकर कृषि कार्य करता है। खेत में बने दो कमरों में कृषि उपकरण एवं खाद सामाग्री रखा हुआ था, जिसे अज्ञात चोर द्वारा उक्त कमरों का ताला तोड़कर 16 अप्रैल 2024 के दोपहर 2 बजे से 20 जुलाई 2024 की दोपहर 12 बजे के मध्य चोरी कर लिया गया। चोरी हुए सामानों में एसटीपी स्प्रेयर पंप एवं पाइप 200 फीट, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन 01 नग, फेसिंग कांटा तार 04 बंडल, ड्रिप पाइप 03 बंडल, कीटनाशक दवा एक पेटी, यूरिया एवं डीएपी 02-02 बैग, फफूंदनाशक दवा 20 किलो कुल कीमत 45,000 रुपए शामिल है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969








**पैरामेडिकल, स्वास्थ्य कर्मचारी, हॉस्पिटल प्रबंधन में चयन हेतु आवेदन सूचना 2024-25**

**कार्यालय संचालक, मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

छ.ग. के विभिन्न चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ती हेतु संस्थान एक, दो एवं तीन वर्षीय विश्वविद्यालयिन पाठ्यक्रम (NSQF अधीन UGC धारा 22 (3) भारत सरकार अंतर्गत) में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में कुल 960-960 सीटों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है-

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | एक्सरे टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ऑप्टोमेट्री टेक्नीशियन | डायलिसिस टेक्नीशियन | कार्डियक केयर टेक्नीशियन | हॉस्पिटल मैनेजमेंट | हॉस्पिटल स्ट्रेलाइजेशन टेक्नीशियन | पेशेंट केयर मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| धमतरी | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| बिलासपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| सरायपाली | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| जांजगीर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |

**Diploma, Advance Diploma, B.Voc. By LU, UGC Approved Under Section 22 (3) of UGC Act, 1956 Notified in Govt. of India** आवेदन हेतु पात्रता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण साथ ही महिला एवं पुरुष जिनकी न्युनतम आयु 17 वर्ष हो । आवेदन हेतु 12वीं में न्युनतम प्रतिशत अ.ज.जाति हेतु 42% अन. जाति हेतु 45% अन्य पि. वर्ग 50% एवं सामान्य हेतु 50% हो । दिव्यांगजन, सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित हैं एवं मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत कर्मीयों को सीधे प्रवेश । आवेदक निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को टाईप कर स्वयं स्पष्ट रूप से भरे साथ ही 30/- का डाक टिकट चस्पा किये गये 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का स्पष्ट पूरा पता, पिनकोड सहित आवेदन पत्र के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा भेजे।

**कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 24/8/2024 है।**

**डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि 12/8/2024 है।**

**नोटः मेरिट लिस्ट के अनुसार चयनित उम्मीद्वार को काल लेटर, ईमेल, वाट्सअप एवं मोबाईल मेसेज द्वारा सूचित कर दी जाएगी।**

**कार्यालय का पूरा पता । क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर (छ.ग.)**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
संचालक
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर, (छ.ग.)

महोदय,..........पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

आवेदक का नाम..........

पिता/पति का नाम..........

जन्म तिथि ..........

वर्ग अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐

पत्र व्यवहार का पता ..........

.......... पिन कोड ..........

मो. नं. .......... व्हाट्सएप नं. .......... पालक का मो. नंबर..........

कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण वर्ग ..........में प्राप्त अंक ..........

कुल प्रतिशत ..........मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं. ..........

हस्ताक्षकर ..........पालक का हस्ताक्षर ..........

पासपोर्ट साइज फोटो

## खबर संक्षेप



### लोक परीक्षा अधिनियम पर हुई कार्यशाला

**रायपुर।** लोकपरीक्षा (अनुसूचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 पर कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग नवा रायपुर में किया गया। केंद्र सरकार द्वारा पारित नए कानून के प्रावधानों के संदर्भ में आयोग के पैनल एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. सुदीप अग्रवाल द्वारा उक्त कानून के संबंध में व्याख्यान दिया गया। यह कानून 21 जून 2024 से भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है, जिसके तारतम्य में उत्तरप्रदेश तथा बिहार सरकार द्वारा भी इस एक्ट को राज्य की परीक्षाओं में लागू करने का अध्यादेश पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस कानून को लागू करने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। कार्यशाला में आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वर्मा, सदस्य डॉ. सरिता उईके, सदस्य संतकुमार नेताम एवं आयोग के सचिव पुष्पेंद्र कुमार मीणा, विधिक सलाहकार सुधीर कुमार, परीक्षा नियंत्रक लीना कोसम एवं विधि अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### शिवसैनिकों ने मनाया उद्धव ठाकरे का जन्मदिन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना यूबीटी द्वारा कोटा स्थित संजीवनी वृद्धाश्रम में शनिवार को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। शिवसैनिकों ने केक काटा और समस्त वृद्धजनों को भोजन कराया। सभी वृद्धजनों ने पार्टी प्रमुख के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस कार्यक्रम एचएन सिंह पालीवार, संजय नाग, शशांक देशमुख, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, शिव लिमजे, मुरारी सोनी, प्रकाश यादव, घनश्याम यादव, यशराज ठाकुर, विशाल सोनी, पूनाराम साहू, सतीश निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

### दुबई में होमियोपैथी समिट में सम्मानित हुए डॉ. उत्कर्ष



**रायपुर।** दुबई में आयोजित विश्व होमियोपैथी समिट में राजधानी के होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 25 देशों के 150 होमियोपैथिक चिकित्सक शामिल हुए। डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को बेस्ट होमियोपैथिक गैस्ट्रोइंट्रोलोगिस्ट व चर्मरोग विशेषज्ञ अवार्ड से वेस्टइंडीज के प्रसिद्ध ऑलराउंडर क्रिस गेल के हाथों सम्मानित किया गया। डॉ. त्रिवेदी इससे पहले कई बार छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, बंगाल तथा राजस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानित हो चुके हैं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि क्रिकेटर क्रिस गेल, जोंटी रोड्स, ब्रेट ली, सनथ जयसूर्या, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास, प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर आदि शामिल हुए।

### लापरवाही से हुई रोहन की मौत, समाजजनों ने लगाया आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज के पदाधिकारियों ने एमबीबीएस छात्र रोहन बांधेकर की मौत मामले में संबंधित डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मेडिकल लाइन में इसे हार्ट अटैक कहा जा रहा है, लेकिन हमारा मानना है कि रोहन की मौत हार्ट अटैक नहीं है। समाज का मान बढ़ाने वाला होनहार नवजवान को हमने डॉक्टरों की लापरवाही से खो दिया है। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरे, बालाराम कोलहे, रामेश्वर राठौर, नंदूराम राडेकर, केएल चौधरी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में ये बातें कही। पत्रकारों से चर्चा में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार रोहन की मौत मामले में संबंधित जनों पर कार्रवाई नहीं करती, तो रविदास समाज सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होगा।

# युवाओं के स्टार्टअप समूह के सुझाव पर अब रांची का तालाब होगा साफ, 90 हजार ई-बॉल से गंदगी करेंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर के युवाओं की सुध बुध स्टार्टअप समूह के इनोवेशन सुझाव से अब रांची का सबसे बड़ा तालाब विवेकानंद सरोवर ई-बॉल की मदद से साफ किया जाएगा, जिसको लेकर कार्य शुरू भी हो चुका है। ई-बॉल प्रदेश के बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा का नवाचार है, जिसे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ यूपी, एमएपी, झारखंड, बिहार समेत विदेश के कई शहरों में तालाब को साफ करने उपयोग में लाया जा चुका है। बता दें कि रांची नगर निगम ने तालाब की सफाई के लिए देशभर में सुझाव मंगाया था, जिसमें सुधबुध स्टार्टअप समूह ने ई-बॉल का सुझाव दिया, जो अधिकारियों को काफी पसंद आया। बायोटेक वैज्ञानिक के मार्गदर्शन में तालाब को साफ करने पहले दिन 8 हजार बॉल डाला गया। समूह सदस्यों ने बताया कि सालभर में 90 हजार ई-बॉल डालकर इसे पूरी तरह से साफ किया जाएगा। अभी तक 450 तालाब में ई-बॉल तकनीक का उपयोग किया गया है। बायोटेक वैज्ञानिक के मुताबिक ट्रीटमेंट किए गए पानी के किसी भी प्रकार के उपयोग से जलीय जीवों और जानवरों में भी किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। उम्मीद जताई कि अगले 12 महीने में विवेकानंद सरोवर का पानी पूरी तरह स्वच्छ हो जाएगा।

## प्रदेश के बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत के मार्गदर्शन में विवेकानंद सरोवर किया जा रहा साफ

### हर 15 दिनों में डाला जाएगा ई-बॉल

पहले चरण में 15-15 दिनों के अंतराल में चार बार क्षेत्रफल के हिसाब से बैक्टीरिया और फंगस वाले ई-बॉल डाले जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में 30-30 दिन के अंतराल में चार बार तालाब में ई-बॉल डाला जाएगा। अंतिम चरण में 30-30 दिन के अंतराल पर तीन माह तक तालाब में ई-बॉल डाला जाएगा। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थित गंदे तालाब की सफाई ई- बॉल तकनीक से करने का प्रयोग सफल रहा था। इसके बाद कई राज्यों में इसकी भारी मांग है।



### क्या है ई-बॉल तकनीक

ई-बॉल तकनीक से छत्तीसगढ़ के गंदे तालाबों की सफाई और कायाकल्प हुआ है। इसको लेकर वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत ने बताया कि ई-बॉल में लाभदायक सुक्ष्म जीव बैक्टीरिया और फंगस होते हैं। ये सभी पानी में उपलब्ध जैविक कचरे से नाइट्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड को भोजन के रूप में लेकर अपनी संख्या तेजी से बढ़ाते हैं। इसके साथ ही साथ पानी में मौजूद हानिकारक सूक्ष्मजीव को समाप्त कर पानी की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं। ई-बॉल के इस्तेमाल के बाद पानी की गुणवत्ता एचपी टीडीएस लेवल में तेजी से सुधार होने लगता है और इस प्रक्रिया में जलीय जीव वनस्पति प्रणाली प्रजाति और मानव समुदाय को भी किसी प्रकार की हानि नहीं होती।

## निर्माण की शुरुआत: 30 अगस्त तक पूर्ण होगा मिट्टी सर्वे का कार्य

# रायपुर-संबलपुर रेल लाइन में ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रायपुर से संबलपुर तक रेल लाइन निर्माण

- आशंका व्यक्त करने वालों को मिला जवाब, ओडिशा व छत्तीसगढ़ के लिए 2 सर्वे टीम, चुनाव के बाद कार्य पुन: प्रारंभ



किए जाने के पूर्व प्रस्ताव को जिसे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृत कर सर्वे के दिए गए आदेश के तहत सर्वे कार्य अब पुनः प्रारंभ हो गया है। सर्वे एजेंसी एसएम कंसल्टेंसी द्वारा ओडिशा के सोहेला के समीप ग्राम कांटापाली में रेल लाइन में आने वाले मार्गों पर पुल-पुलियों के निर्माण के लिए पत्थर व मिट्टी परीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए ड्रिलिंग मशीन लगाकार बोर किए जाने की शुरुआत कर दी गई है। इस तरह इस कार्य के प्रारंभ हो जाने से पिछले लगभग 8 माह से चुनाव के कारण रुका कार्य पुनः प्रारंभ हो जाने से रेललाइन निर्माण को लेकर शंका व आशंकाओं का बाजार झूठ साबित हुआ तो वहीं इसके निर्माण को लेकर उंगली उठाने वालों को भी जवाब मिल गया है।

इस संबंध रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति, सरायपाली के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर से संबलपुर रेल लाइन निर्माण के लिए समिति पिछले 4 वर्षों से संघर्षरत है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को विगत 3 अगस्त 22 को दिल्ली रेलभवन जाकर ज्ञापन सौंपा गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए 1 माह के अंदर ही सर्वे का आदेश जारी कर दिया गया था। जिसके तहत पूर्व में सेटेलाइट, भूमि व ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका था। ड्रोन सर्वे में इस मार्ग में बनने वाले पुल व पुलियों के लिए चिन्हांकित स्थलों पर ब्रिज बनाए जाने के लिए सर्वे एजेंसी एसएम कंसल्टेंसी द्वारा अब पुनः कार्य प्रारंभ करते हुए ड्रिलिंग मशीनों के माध्यम से पत्थरों व मिट्टी के गुणवत्ता की जांच के लिए खुदाई का कार्य ग्राम कांटापाली से प्रारंभ कर दिया गया है। इसकी जानकारी जब समिति के अभिजीत प्रतिहार व प्रीतम सिंह को मिली तो वे ग्राम काँटापाली पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित सर्वे एजेंसी के सुपरवाइजर व सिविल इंजीनियर आदेश मोहंती ने समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि रेलमार्ग में पड़ने वाले पुल पुलियों की मजबूती व भार क्षमता के परीक्षण के लिए ड्रिलिंग मशीन से खुदाई किए जाने के निर्देश के तहत जहां जहां भी ब्रिज का निर्माण होना है, वहां खुदाई कर पत्थर व मिट्टी की जांच की जाएगी। उन्होंने ब्रिज संख्या की भी जानकारी दी। आदेश महंती ने बताया कि मिट्टी सर्वेक्षण व परीक्षण के लिए 2 अलग अलग टीम बनाई गई है। एक टीम सोहेला बॉर्डर से संबलपुर तक तथा दूसरी टीम सरायपाली से रायपुर तक खुदाई कर परीक्षण करेगी। अभी कुछ और मशीनें आने वाली है। इन सभी पुलियों के परीक्षण किए जाने का कार्य हमें 30 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। ग्राम कांटापाली में ग्राम के गौटिया व किसान जिनके खेतों से यह रेल लाइन का निर्माण होना है भी मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने समिति के सदस्यों को बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए यदि उनकी जमीन रेलवे विभाग अधिग्रहण करता है तो वे खुशी-खुशी अपनी जमीन देने तैयार हैं।

रायपुर संबलपुर रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेललाइन निर्माण की गतिविधियां कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दी गई थी, जो अब पुनः प्रारंभ हो गया है। रेललाइन निर्माण को लेकर अनावश्यक रूप से आमजनता में यह संदेश फैलाया गया कि किसी भी प्रकार की कोई भी गतिविधियां संचालित ही नही हुई। अब जब रेललाइन निर्माण में बनने वाले पुलियों के निर्माण के लिए पत्थर व मिट्टी परीक्षण का कार्य प्रारंभ हो जाने से एक ओर समिति के प्रयासों की सच्चाई सामने आई तो वही दूसरी ओर रेल निर्माण के प्रति भ्रम फैलाने वालों को भी समुचित जवाब मिल गया है।

# पुजारी पार्क के पास वेंडिंग जोन पर ऐतराज बूढ़ापारा पाम ब्लाजियो के सामने बनेगा वेंडिंग जोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टेंडर में 3 एजेंसी ने दिखाई रुचि, जल्द तय होगी एजेंसी

शहर के गांधी उद्यान के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन प्रस्ताव पर ऐतराज के बाद इसके निरस्त होने से अब टिकरापारा स्थित पुजारी पार्क के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन के स्थल परिवर्तन की मांग होने लगी है। स्थल परिवर्तन संबंधी प्राप्त पत्र को निगम आयुक्त के पास विचार के लिए भेजा गया है। वहीं बूढ़ापारा के पुराने धरना स्थल और पाम ब्लाजियो के सामने और जब्बार नाला के समीप वेंडिंग जोन विकसित करने बुलाई गई निविदा में छत्तीसगढ़ से 3 एजेंसियों ने रुचि दिखाई है, टेंडर दो-तीन दिन में खोला जायेगा, इसके बाद एजेंसी तय होगी।

शहर में फुटकर विक्रेताओं को सुव्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 3 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने सर्वे के बाद स्थल तय किया गया है। एजेंसी तय होने से पहले प्रस्तावित स्थल को लेकर स्थल परिवर्तन की मांग होने लगी है। शुरुआत में गांधी उद्यान के सामने वेंडिंग जोन के प्रस्ताव को लेकर स्थानीय रहवासियों ने भीड़भाड़ वाली सड़क पर वेंडिंग जोन से ट्रैफिक जाम की समस्या पर ध्यान आकर्षित कराते हुए निगम प्रशासन और यातायात विभाग से प्रस्ताव निरस्त करने आग्रह किया। इस पर संज्ञान लेते हुए जनहित में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गांधी उद्यान के सामने खाली जगह पर वेंडिंग जोन का प्रस्ताव निरस्त कर दिया था।

हाल ही में उन्होंने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की बैठक शहर के 3 अलग-अलग स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा बुलाने के निर्देश दिए। इसके परिपालन में संबंधित विभाग ने निविदा बुलाई, पर एजेंसी चयन के पहले पुजारी पार्क के पास प्रस्तावित वेंडिंग जोन को लेकर स्थल परिवर्तन करने आग्रह पत्र मिला है।

# ईओडब्लू, एसीबी जुआ सट्टा की भी जांच करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महादेव सट्टा संचालन करने वालों पर कसेगा शिकंजा

आय से अधिक संपत्ति, आर्थिक अनियमितता तथा भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने वाली राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू तथा एसीबी अब जुआ, सट्टा से जुड़े मामलों की भी जांच करेगी। राज्य सरकार ने नियमों में संसोधन करते हुए इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने दोनों एजेंसियो के अधिकार क्षेत्र में यह बढ़ोतरी महादेव सट्टा एप केस की जांच के लिए की है।

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप मामले की जांच राज्य सरकार ने ईओडब्लू तथा एसीबी को सौंपा है। जांच के दौरान ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने महादेव सट्टा संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी भी की है। सट्टा संचालित करने वालों के खिलाफ ईओडब्लू सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। सट्टा संचालित करने वालों के खिलाफ पुलिस अलग से जांच करती है। पुलिस जांच के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिसमें सट्टा संचालित करने वाले सीधे तौर पर महादेव सट्टा एप से जुड़े थे। जरूरत पड़ने पर पुलिस की जांच के आधार पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम कार्रवाई करती है। गौरतलब है कि ईओडब्लू, एसीबी राज्य पुलिस का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन काम करता है। इस वजह से यह एजेंसी पुलिस को प्राप्त सभी अधिकारियों का प्रयोग नहीं कर पाती है।

# पूरा हो चुका जुलाई का कोटा, अभी चार दिन तक जारी रहेगा वर्षा का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



करीब पांच साल बाद प्रदेश में जुलाई के महीने में होने वाली बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ अब तक की कुल वर्षा के मामले में पांच प्रतिशत से अधिक की स्थिति में आ गई है। राज्य में अब तक 538 मिमी. बारिश हो चुकी है जो औसत 519 से अधिक है। अगले चार दिन तक मानसूनी गतिविधि जारी रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार 31 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश होगी, इसके बाद अगस्त की शुरुआत में इसकी गतिविधि बढ़ने की संभावना बन रही है। पिछले चौबीस घंटे में मानसून की सक्रियता बनी रही और कुछ शहरों में भारी बारिश भी हुई। शहर में इसकी मौजूदगी नजर आई। दोपहर को हल्की वर्षा हुई, फिर शाम होने के बाद पुनः बूंदाबांदी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। आंकड़ों के अनुसार इस बार जुलाई में मानसून की कृपा छत्तीसगढ़ में बनी हुई है। कई साल से जुलाई का महीना औसत से कम बारिश के साथ बीतता था। इस बार लगभग दो सेमी. ज्यादा बारिश हो चुकी है। चार दिन में यह वृद्धि का अंतर और बढ़ेगा। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ हिस्से में अच्छी बारिश हुई है। इसमें भैरमगढ़ में 15, सिमगा एवं कुटरू में 14, पथरिया में 10, सुहेला में 9, शंकरगढ़, भाठापारा, पंखाजूर, बलौदा तथा गीदम में आठ सेमी. तक बारिश हुई है। रायपुर में वर्षा का आंकड़ा दो सेमी. में सिमट गया।

# टीम कैट ने केंद्रीय मंत्री मांडविया को बजट में संशोधन के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से की मुलाकात



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात कर केन्द्रीय बजट 2024-2025 में संशोधन करने कैट सीजी चैप्टर की ओर से सुझाव दिया।

कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत दिनों केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया। बजट में संसोधन के लिए कैट सी.जी. चैप्टर ने इन बिंदुओं पर सुझाव दिये :-

- नये टैक्स स्लैब 3 से 7लाख आमदनी पर 5 फीसदी है, इसे बढ़ाकर 10 लाख तक किया जाना चाहिए।
- वेतनभोगी कर्मचारियों को मानक कटौती 50 हजार रूपये की जगह 75 हजार रूपये केवल न्यू टैक्स रिजिम वालों के लिए किया गया है, जिसे बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये किया जाये।
- शेयर जैसी वित्तीय प्रतिभूतियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर 10 फीसदी से बढ़कर 12.5 प्रतिशत किया गया है, इसी तरह अल्पकालिक पूंजीगत लाभकर की दर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गई है। इस प्रकार के निवेश के कारण निवेश में कमी आएगी, इसलिए इसे पूर्व की तरह रखा जाए।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात करने वालों में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी जितेन्द्र दोशी, मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, मुकेश मोटवानी, राकेश ओचवानी, निलेश मुंदडा, प्रीतपाल सिंह बग्गा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# मांडविया बोले- पीएम मोदी का मकसद आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर विकसित भारत बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय श्रम व रोजगार तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला मकसद आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर विकसित भारता बनाना है। विकसित भारत को लक्ष्य बनाकर ही केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी कभी टोकन में नहीं, अपितु टोटल में सोचते हैं।

डॉ. मांडविया ने कहा, आम आदमी के जीवन में बदलाव लाकर कैसे विकसित भारत का लक्ष्य अर्जित किया जा सकता है, यह बजट इस संकल्प का प्रतिबिम्ब है। डॉ. मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि जब देश अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी मना रहा हो तब देश को पूर्ण विकसित बनाना है। पूर्ण विकसित भारत के अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम और योजना पर काम करना प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन है।

देश में चार वर्गों पर काम करके ही हम विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं और केंद्र सरकार के पिछले अंतरिम बजट में 4 मुख्य समूहों 'गरीब', 'महिलाएं', 'युवा' और 'अन्नदाता' पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। डॉ मांडविया ने कहा, अब केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस पहले पूर्ण बजट में एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके लागत पर कम-से-कम 50 प्रतिशत मार्जिन देने का वादा पूरा किया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। डॉ. मांडविया ने कहा, इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए 9 प्राथमिकताओं के संबंध में सतत प्रयासों की परिकल्पना की गई है।

# फंड के अभाव में पूरी तरह नहीं बन पाया हमर क्लीनिक

## केंद्र से तीन सौ करोड़ मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




निजी क्लीनिक में जाकर पैसे खर्च करने के बजाए सरकारी संस्थान में इलाज कराने बनाई गई हमर क्लीनिक की योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। 117 संस्थान को अस्तित्व में लाने के लिए केंद्र सरकार से तीन सौ करोड़ मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा योजना की दो वार्षिक किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है।

झोलाछाप डाक्टरों की पूछपरख को कम करने और गली- मोहल्ले में एमबीबीएस वाला डाक्टर बिठाने के लिए हमर क्लीनिक की योजना बनाई गई थी। इसके तहत शहरी इलाकों के उप स्वास्थ्य केंद्र को हमर क्लीनिक बनाना था। यहां मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाज और निशुल्क दवा की सुविधा दी जानी थी। राज्य में योजना के तहत 364 हमर क्लीनिक बनाए जाने थे, जिसमें 117 योजना के तीन साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आ पाया है। इसकी वजह से संबंधित इलाकों में रहने वाले मरीजों को अभी भी इलाज के लिए निजी क्लीनिकों में जाकर पैसे खर्च करने पड़ रहा है। इन हेल्थ संेटर के निर्माण में होने वाली देर की वजह पैसे का अभाव बताया गया है। पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा योजना के तहत पिछले दो साल की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, जो तीन सौ करोड़ के आसपास हैं।

### मांगा गया अनुदान

हमर क्लीनिक के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार से अनुदान राशि की मांग की गई है। 117 में से 23 अभी अस्तित्व में नहीं आ पाए है कई काम का अभी प्रारंभिक स्तर पर चल रहा है और कुछ का काम पूरा होने के कगार पर है। विभागीय के स्तर पर भी यह स्वीकार किया गया है कि हमर क्लीनिक शुरू नहीं होने की वजह स्वास्थ्य व्यवस्था पर आंशिक असर हुआ है।

## खबर संक्षेप



### जल लेकर सिरपुर के लिए निकले कांवरिए गंगा आरती में हुए शामिल

**महासमुंद।** जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक मंदिर ग्राम बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव में शनिवार को कांवरियों का जत्था जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वर महादेव में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। वहीं प्रतिदिन होने वाले गंगा आरती में भी शमिल हुए। गंगा आरती के समय बोल बंम सेवा समिति एवं गंगा आरती के कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में गांव के श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

### घर के सामने से कार चोरी



**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर में एक घर के सामने खड़ी कार चोरी हो गई। पुलिस को प्रार्थी उमाशंकर पटेल पिता सुंदरलाल पटेल (29 साल) ने बताया कि 25 जुलाई की शाम को अपनी कार मारुति सुजुकी बलेनो डेल्टा क्रमांक सीजी 06 जीवी 4166 को घर के सामने खुले पोर्च में खड़ी थी, जिसे मैने 26 जुलाई को सोते समय करीब 10 बजे निर्धारित स्थान पर देखा था। 27 जुलाई की सुबह 04 बजे उठकर तो देखा तो कार वहां नहीं थी। आसपास खोजबीन करने पर भी नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## स्पर्धा: छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर शतरंज चयन प्रतियोगिता

# गगन, प्रियांश व शुभांकर 5.5 अंकों के साथ शीर्ष पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर (अंडर - 19 बालक-बालिका वर्ग) शतरंज चयन स्पर्धा का छठवां चक्र पूर्ण हुआ। आदित्य मंगलम में 26 जुलाई से चल रही इस राज्य चयन स्पर्धा का 9वा एवं अंतिम चक्र खेला जाएगा। इस राज्य चयन स्पर्धा के आधार पर प्रदेश की टीम बनेगी जो राष्ट्रीय शतरंज चयन स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

छठवें चक्र में खेले गए शीर्ष खिलाड़ियों के परिणामों में पहले बोर्ड पर रायपुर के शुभांकर बामलिया ( 5 अंक) व रायगढ़ के गगन साहू (5 अंक) के मध्य खेली गई बाजी बिना किसी हार-जीत के ड्रा पर छूटी। दूसरे बोर्ड पर रायपुर के प्रियांश साहू (4.5 अंक) व



**राज्य जूनियर शतरंज चयन स्पर्धा में कोच, मेनेजर व ऑफिशियल सहित प्रदेश भर से 155 से अधिक प्रतिभागियों ने की शिरकत**

बिलासपुर के अनिरल शर्मा (4.5 अंक) के बीच खेले गए मैच में प्रियांश साहू ने आसान जीत दर्ज की। तीसरे बोर्ड पर कोरबा के प्रभमन सिंह (4 अंक) व रायपुर के अक्षत मोहबिया (4.5 अंक) के बीच खेली गई बाजी में प्रभमन ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अक्षत को मात दी। इसी तरह से चौथे बोर्ड पर खेल रहे रायगढ़ के गौरव बेहरा (4 अंक) ने बिलासपुर के लोकेश पांडेय (4 अंक ) से मात खा गए। पांचवे बोर्ड पर रायपुर के उत्कर्ष यादव (4 अंक) व दुर्ग की हिमानी देवांगन (4 अंक) की बाजी बराबरी पर छूटी और दोनों ही खिलाड़ियों को आधा - आधा अंक के साथ संतुष्ट होना पड़ा। इस स्पर्धा में प्रदेश के बस्तर, सरगुजा, रायपुर, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, जांजगीर -चांपा, खैरागढ़, आदि जिलों से कोच, मैनेजर व ऑफिसियल्स सहित 155 से भी अधिक प्रतिभागियों ने शिरकत किया है।

टूर्नामेंट डायरेक्टर सुबोध सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि पधारेंगे। विजेता खिलाड़ियों को 50000 रुपए से अधिक की नगद राशि, ट्रॉफी, मोमेंटो व मेडल अतिथियों के द्वारा प्रदाय किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुंटे भी लगातार स्पर्धा का मुआयना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मुंगेली जिला संघ अत्यंत सक्रिय इकाई है। विगत 4 वर्षों में यहां पर लगातार चौथी बार राज्य चयन स्पर्धा हो रही है।उन्होंने आगे बताया कि यहां पर जल्द ही एक नेशनल रेटिंग स्पर्धा भी प्रस्तावित है।

## सुपर-40 के शिक्षकों का किया गया सम्मान



**बागबाहरा।** बागबाहरा विकासखंड में शिक्षकों की टीम सुपर 40 संस्था द्वारा नि :शुल्क 2019 से चलाते आ रहे हैं। जिसमें से प्रतिवर्ष 30 से 40 बच्चों का चयन प्रयास विद्यालय में होता है। इस वर्ष अभी 33 बच्चों का चयन बागबाहरा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने इस सफलता पर सुपर 40 के शिक्षकों का सम्मान करते हुए हर्ष जताया। सुपर 40 के कोऑर्डिनेटर शिक्षक हीरा नायक, जितेन दीवान, सुभाष चंद्राकर, धीरज तिवारी सहित जगदेव प्रसाद साहू, केदार साहू, राजेंद्र साहू, योगेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर साहू आदि प्रमुख हैं। ज्ञात हो कि उनके प्रयास से इस वर्ष भी 11 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इन शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। जिसमें से छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से हजार की संख्या में बच्चे इनका लाभ ले रहे हैं।

## शराब के नशे में दो पिता ने पुत्र-पुत्री से की गई शर्मनाक हरकत : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले कई ग्रामों में अवैध महुआ शराब बिक्री भाजपा शासन आने के बाद फल फूल रही है। अवैध शराब बिक्री आबकारी और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में कई ग्रामों में किया जा रहा है, जिसका नतीजा है आज जिले में दो शराबी पिताओं की शर्मनाक हरकत सामने आई है। एक ने पुत्र की हत्या की, दूसरे ने बेटी से अनाचार किया। इन मामलों में जिस तरह दोनों पिता ने अपने ही सगे पुत्र-पुत्रियों के साथ हरकत की इसका जिम्मेदार शराब को ही माना जा रहा है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग गांवों में बिक रही अवैध शराब पर लगाम लगाती तो इस प्रकार की घटनाएं नही घटती, लेकिन अवैध शराब बिक्री पर भाजपा शासन और जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। इन दिनों ग्रामीण अंचलों में कच्ची महुआ



शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। शराब के नशे में होने के कारण अधिकांश सड़क हादसा के शिकार हो रहे हैं। लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, जिससे किसी मां की बेटा तो किसी बहन की भाई तो किसी मासूम के पिता छिन जा रहे हैं। आए दिन आपसी विवाद के वजह से किसी का भी जान लेने तक उतारू हो रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में जहां शराब बिकता है, वहां शराबियों का हुजूम लग जाता है और आसपास के लोग हमेशा डरे सहमे रहते हैं। भाजपा सरकार अवैध शराब बेचने वालों को शह दे रही है, तभी तो शराब बंदी की मांग करने वाली भाजपाजन इस पर मौन हैं।

### घोंच में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**महासमुंद।** आयुष विभाग द्वारा ग्राम घोंच में नि:शुल्क वयोवृद्ध स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरी एवं मा कर्मा के पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में कुल 127 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें एचबी, शुगर, बीपी, नेत्र आदि स्वास्थ्य संबंधित जांच की गई। इस दौरान सामान्यतः वात रोग, उदर मधुमेह, बीपी, श्वास, नेत्र रोग, चर्म रोग वाले लोग ज्यादा पहुंचे थे। आयोजन के मुख्य आतिथि सरपंच गीता भूषण दीवान, अध्यक्षता उपसरपंच इंद्राणी पवन साहू, विशेष अतिथि मोहित ध्रुव, नारायण लाल ध्रुव, उमाराम दीवान, बलदेव साहू, छन्नू लाल साहू, ललित साहू, भागवत ध्रुव, वेदराम साहू, देव कुमार साहू थे। आयोजन को सफल बनाने में आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों में डॉ. देवलता निषाद, फार्मसिस्ट नरेश ध्रुव, लीला दीवान, ओम प्रकाश ध्रुव, भगवान दास यादव, मितानिन ननकी बाई, बास बाई संहित आदि लोग का सराहनीय योगदान रहा।




## नगर के सौरभ को नेशनल रेफरी चयन में मिली बड़ी सफलता

**महासमुंद।** रोवर स्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया में सौरभ सचदेव के नेशनल रेफरी चयन में बड़ी सफलता हासिल करते हुए महासमुंद का नाम गौरवान्वित करने पर वार्ड नं. 10 पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचन्द राठी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन साहू, युवा नेता राकेश सचदेव व पप्पू ठाकुर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष नन्दू जलक्षत्री, युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण कुशाल ठाकुर, अंकुश सिंग गौर, जतिन रूपरेला, रोशन बग्गा, हर्ष गौतम, भुनेश्वर साहू ने वार्ड नं. 10 स्थित उनके निवास पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर हर्ष जताया। उल्लेखनीय है कि रोलर स्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया की प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ से आल इंडिया में स्केटिंग रेफरी के लिए छत्तीसगढ़ से दो युवाओं का सेलेक्शन हुआ।



जिसमें से सौरभ सचदेव महासमुंद ने सफलता हासिल की। पूरे भारत से 138 युवा विभिन्न प्रांतों से भाग लिए थे। जिसमें 32 लोग ही सफल हो पाए, उसमें से छत्तीसगढ़ से मात्र 2 लोग का चयन हुआ। सचदेव छात्र जीवन में केंद्रीय विद्यालय के नेशनल रेफरी में कांस्य पदक प्राप्त कर चुके है। पार्षद देवीचंद राठी ने बताया कि 24 वर्षीय सौरभ वार्ड नं. 10 के निवासी है। युवा जीवन में संघर्ष के बावजूद यह मुकाम हासिल करना गौरव की बात है। सचदेव जब जवानी की दहलीज पर कदम रखे तो उनके पिता हरि सचदेव का साया उनके उपर से उठ गया। परिवार की बागडोर उनके उपर आ गई। वर्तमान में गोलबाजार में उनका फुट वेयर का व्यापार है, जिसे भली भांती निभा रहे है। इन सब व्यस्तता के बावजूद खेल में भी अपनी प्रतिभा निखार रहे है। 18 वर्ष की उम्र से अब तक जरूरतमंद बीमार लोगों को इन्होंने 10 बार रक्तदान भी किया है। आने वाले वर्ष में होने वाले इन्टरनेशनल रेफरी प्रतियोगिता में शामिल होने की बात सौरभ ने कही है। रिवरडेल स्कूल में रोवर स्केटिंग के प्रशिक्षक भी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य भी है।

# नई शिक्षा नीति को क्रांतिकारी बनाने के लिए अभिभावकों विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षा सप्ताह, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शिक्षण सप्ताह अंतर्गत रविवार को शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में समुदाय, अभिभावक/पालक एवं विद्यार्थियों के मध्य नई शिक्षा नीति को इंट्रोड्यूस किया गया। कम्युनिटी, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के मध्य (10+2) के स्थान पर (5+3+3+4) स्ट्रक्चर वाली नई शिक्षा नीति को विस्तार से समझाया गया।

प्राचार्य मनोज पटेल, आत्मानंद विद्यालय परिवार एवं विकासखंड के अन्य शिक्षक वीरेंद्र कर, शैलेंद्र नायक, प्रेम कुमार पटेल, अनिल प्रधान को भी विद्यालय में आमंत्रित कर निर्धारित समय में उनके शिक्षण अनुभव का लाभ दिलाया गया। समस्त पालकों, अभिभावकों एवं समुदाय के लोगों को आमंत्रित कर नई शिक्षा नीति को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए अभिभावकों को सहयोग करने प्रोत्साहित किया गया। नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से सहजता से बताया गया एवं पालकों को जागरूक किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जागरूकता हेतु पालकों को आमंत्रित कर सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल एवं आदर्श विद्यालय प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल के मार्गदर्शन में एनईपी 2020 के संबंध में सामुदायिक भागीदारी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालक समिति अध्यक्ष कमल पटेल, उपाध्यक्ष डॉ आशीष दास, चंपालाल डडसेना एवं पालकगण - संगीता, सविता, भारती, किशन साहू, कमला प्रधान, सुनीता बारी, अनिता पाणिग्राही, राजेन्द्र जायसवाल, चंद्रु जायसवाल, अजहर खान, प्रेमकुमार पटेल, नरेन्द्र प्रधान, अनल कुमार, नरोत्तम वैष्णव, विजय कुमार चौहान, चंद्रमणी पटेल, शौकीलाल सेठ, मोहम्मद नईम, मो. इकरामुद्दीन, आर सेठ आदि के साथ साथ दोनों विद्यालयों के टीचर्स एवं स्टॉफ की उपस्थिति रही।




## भाजपाइयों ने कुटेला में सुनी मन की बात

**सरायपाली।** ग्राम कुटेला बूथ में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाले एक बेहद ही लोकप्रिय कार्यक्रम है, मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय महत्व से संबंधित विभिन्न मुद्दों और विचारों पर नागरिकों को संबोधित करते हैं, मन की बात कार्यक्रम का प्रथम संस्करण 13 अक्टूबर से शुरू हुआ था। इस कार्यक्रम में 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने शामिल होकर देश के जनता के प्रश्नों का उत्तर दिए थे, मन की बात कार्यक्रम 23 भाषाओं और 29 बोलियों में प्रसारित होता है। विधानसभा के सरायपाली मंडल के बूथ कुटेला में भारतीय जनता पार्टी की महती कार्यक्रम मन की बात की 112 वीं संस्करण को सुना गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, मंडल महामंत्री प्रमोद सागर, मुरली नायक, झप्पी लाल मांझी, तोषनाथ यादव, दुर्गा यादव, गायत्री यादव, भूपेश भोई सहित बूथ कुटेला के ग्रामवासी व भाजपाजन उपस्थित थे।



# सिरपुर का विश्व धरोहर 2024 की सूची में शामिल न होना दुर्भाग्यजनक : पाणिग्राही

## असम का चराईदेव के मोइदाम भारत का एकमात्र नामांकन 2024 यूनेस्को सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- सिरपुर का विश्व धरोहर की सूची में शामिल नहीं होना निराशाजनक

विश्व धरोहर की टीम के जुलाई में आगमन की प्रतीक्षा में थे छत्तीसगढ़वासी। मिल रही है जानकारी के अनुसार भारत का एक मात्र नामांकन विश्व धरोहर 2024 के लिए असम के चराइदेव के मोईदाम का नामांकन विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ है। छत्तीसगढ़ के विश्व विख्यात पुरा नगरी सिरपुर का विश्व धरोहर सूची में शामिल न होना हर छत्तीसगढ़िया के लिए अत्यंत ही निराशाजनक समाचार है। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया बहुत समय से सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग करती आ रही है। 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस 2024 के अवसर पर इस मांग को पुनः दुहराते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं तत्कालीन पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखा है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासमुंद जिले का विश्व विख्यात धार्मिक बौद्धिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर शीघ्र ही विश्व विरासत में शामिल हो। अपनी इस मांग की पुनरावृति करते हुए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं डायरेक्टर अमूजूरी बिस्वनाथ ने कहा कि हम सिरपुर को विश्व धरोहर में शामिल करने की मांग यूं ही नहीं कर रहे हैं। अपितु सिरपुर में विश्व धरोहर में शामिल होने की सभी अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं एवं साख्य मौजूद हैं। सिरपुर बौद्ध धर्म, शैव धर्म, वैष्णव धर्म, जैन धर्म के स्थापत्य कला को आज भी अपने में समेटे हुए है।



भारत का सबसे बड़ा बौद्ध स्थल है। अनेक बौद्ध विहार, भिक्षुओं को पढ़ाने के प्रमाण सहित बौद्ध विद्वान नागार्जुन के आने के प्रमाण है। खुदाई में बौद्ध कालीन खंडहर भगवान बुद्ध की भव्य प्राचीन मूर्ति, बाजार, अस्पताल, बंदरगाह होने के साख्य मिले हैं। लाल ईंटों से बना भारत का पहला मंदिर, लक्ष्मण मंदिर जिसमे सीमेंट का उपयोग नही हुआ है तथा ताजमहल से भी 1100 पहले का निर्माण है।

चीन के बौद्ध भिक्षु व्हेन सांग के ग्रंथों में भी सिरपुर का उल्लेख मिलता है। बौद्ध भिक्षु व्हेन सांग के सिरपुर आने तथा सिरपुर में कुछ वर्ष रहने के उल्लेख मिलते हैं। रामायण काल के भी अनेक उल्लेख मिलते हैं। इतनी सारी विशेषताओं एवं पात्रता के मापदंडों में खरा होने के बाद भी अब तक विश्व धरोहर में शामिल न हो पाना आश्चर्य है। अभी हमारे देश में कुल 42 विश्व धरोहर हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ का एक भी साइट अब तक शामिल नहीं है। जुलाई में यूनेस्को की टीम सिरपुर आने के समाचार मिल रहे थे, लेकिन समाचार मिल रहा है सिरपुर शामिल नहीं होगा 2024 यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में। हमारी संस्था ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया की पुरजोर मांग है कि क्या कमी रह गई है इस पर चिंतन मनन हो। तदानुसार अगला प्रतुतिकरण एवं दावा प्रस्तुत हो। जिससे कम से कम अगला विश्व धरोहर की सूची में जो देश का 44 वा एवं छत्तीसगढ़ का पहला विश्व धरोहर के रूप में सिरपुर शामिल हो। गौरतलब है कि पहली बार भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर का सत्र 21से 31जुलाई तक आयोजित है। इस संबध में हमारी संस्था पुनः मुख्यमंत्री को पत्र लिख रही है। विश्व धरोहर के रूप में हमारा सिरपुर स्थान प्राप्त करें। हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरवान्वित होगा।

### घर के अंदर से स्कूटी चोरी

**महासमंद।** नगर के क्लबपारा में एक घर के अंदर से स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस को हर्षवर्धन सिंह गौतम पिता संपत सिंह गौतम ने बताया कि 26 जुलाई को स्कूटी हीरो प्लेजर क्रमांक सीजी 06 डी 3907 को सात 8 बजे घर के अंदर रखाथा। कुछ देर बाद बाहर निकलकर देखा तो स्कूटी वहां नहीं थी। आसपास खोजबीन करने के बाद प्रार्थी ने मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है।

### बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले को 5 वर्ष कैद

**सरायपाली।** ग्राम टीपा देवलाखार में कृषि कार्य के लिए लगे ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी के फरवरी 2020 के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शोभना कोष्टा द्वारा एक आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक आर एल पटेल से मिली जानकारी अनुसार 12 फरवरी 2020 को सहायक अभियंता सरायपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वितरण केंद्र सरायपाली ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम टीपा देवराखार में कृषि कार्य करने के लिए 16 केवीए का एक ट्रांसफार्मर लगा है। 11 फरवरी 2020 को ठेका कर्मचारी गोवर्धन भोई ने मोबाइल फोन से उक्त ट्रांसफार्मर के जमीन में गिरे होने और 10 फरवरी की रात्रि उसमें तोड़-फोड़ कर ऑयल की चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 379, 427/34 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया था। गवाहों के बयान के आधार पर दो आरोपियों रामदुलार चौहान पिता भगउ चौहान निवासी ग्राम बिजराभांठा एवं रिषिकेश बेहरा पिता कार्तिकराम बेहरा के खिलाफ जांच कार्रवाई के दौरान ऋषिकेश बेहरा फरार मिला। जबकि, रामदुलार के पास से 25 लीटर ऑयल, लोहे की आरी, दो नग स्टील का पाना एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल को जब्त किया गया। पुलिस द्वारा अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में विचारण के पश्चात दोष सिद्ध पाए जाने पर न्यायाधीश श्रीमती कोष्टा द्वारा आरोपी रामदुलार को धारा 379/34 के लिए 3 वर्ष के सश्रम कारावास, धारा 427 के लिए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं धारा 4/34 लोक संपत्ति को नुकसानी निवारण अधिनियम के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। उक्त सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम पिता सुरीतराम जाति निवासी ग्राम हर्राटार तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। कि ग्राम हर्राटार दिनांक 25.12.2021 को आवेदक के सुकमुत कुजूर की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.07.2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक :-10.07.2024

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

**खबर संक्षेप**




## छात्रों का हुआ चयन

**नर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली के छात्र हेमेश तांडे व यामिनी नायक का प्रयास से इसी विद्यालय में ही चयन हुआ है। दोनों बच्चों के चयनित होने पर प्रधान पाठक शंकर दीवान, शिक्षक ललित पटेल, गैस पटेल आदि ने हर्ष जताया है।



## पतेरापाली स्कूल में छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन शासकीय प्राथमिक शाला पतेरापाली में समुदाय के सहयोग से न्यौता भोज कराया गया। शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन प्रधान पाठक कमल नारायण यादव ने समुदाय का शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों से परिचय कराया गया। उपस्थित सभी लोगों को प्रस्तावित शाला विकास योजना से परिचय एवं आवश्यक सहयोग करने की मांग की गई। शाला में पालक सदस्य भोज राम एवं नागरिक महेश ठाकुर द्वारा न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परदेशी यादव, पालक सदस्य भोज राम, समुदाय से महेश ठाकुर, तिलेश्वर यादव एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## रामचंडी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**सरायपाली।** राष्ट्रीय सेवा योजना रामचंडी महाविद्यालय इकाई क्रमांक 314 में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर में मुख्य अतिथि महाविद्यालय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश चंद्र साहू रहे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ एनके भोई एवं सतीश चंद्र साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य विजय दिवस के संबंध में बताया गया एवं शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व योगदान बताया। प्राचार्य ने कहा कि हमें शहीदों के बलिदान को याद करना चाहिए एवं हमें भी राष्ट्र का नागरिक होने के नाते अपने कर्तव्य का पालन राष्ट्रीय हित में करना चाहिए। महाविद्यालय एनएसएस यूनिट द्वारा कारगिल विजय दिवस के इस अवसर में शहीदों को नमन करते हुए उनके स्मृति में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी भरत कुमार प्रधान के नेतृत्व में किया

# सुपर 40 बागबाहरा का बढ़ता कारवां, प्रयास स्कूल के लिए 33 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला में संचालित सुपर 40 बागबाहरा द्वारा एक बार फिर सत्र 2024-25 के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में 33 बच्चों को सफलता के शिखर पर पहुंचाकर अपना लोहा मनवाया है।

विकासखंड मुख्यालय बागबाहरा में कार्यरत शासकीय शिक्षकों के निःस्वार्थ सहयोग से गठित सुपर 40 बागबाहरा द्वारा गरीब, जरूरतमंद एवं होनहार बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी के लिए बने मंच को शिक्षकों की सोच ने अपनी लगन, मेहनत से सींचते हुए लगातार 5 वर्षों से नवोदय, एकलव्य एवं सैनिक स्कूल में प्रवेश के साथ ही 2023 से प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश की भी तैयारी शुरू की गई है। विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय ने इसमें संरक्षक की भूमिका बखूबी निभाई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सृष्टि चंद्राकर एवं केके वर्मा बीईओ बागबाहरा द्वारा सुपर 40 बागबाहरा की टीम का मनोबल बढ़ाते हुए प्रमाण पत्र, मोमेंटो के साथ सम्मानित किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुपर 40 बागबाहरा द्वारा बच्चों के लिए अक्टूबर से अप्रैल तक प्रत्येक रविवार को ऑफलाइन कक्षा संचालन के अलावा ऑनलाइन कक्षाएं ली गई। साथ ही मई महीने में ऑनलाइन मटेरियल, प्रैक्टिस सेट उपलब्ध कराए गए। फलस्वरूप प्रयास विद्यालय चयन परीक्षा के प्रथम सूची में 33 बच्चों ने सफलता का परचम लहराया है।

चयनित छात्र में जिला टॉपर तेजस्विनी ठाकुर के साथ चिराग पटेल, राघवी साहू,



खुशी नायक, रुमा दीवान, हरेंद्र साहू, रितिक नारंग, गुरप्रीत साहू, भारती साहू, नीलम चक्रधारी, यामिनी नायक, चैतन्य ध्रुव, देवेन्द्र दीवान, सौरभ साहू, हेमेश तांडे, गोमती रैदास, अभिनव शर्मा, अभिज्ञान शर्मा, जिज्ञासा दीवान, प्रिंस साहू, मुस्कान टंडन, जागृति मंडल, चंचल दीवान, राकेश सिदार, चांदनी दीवान, युवराज दीवान, बानी चौहान, अंजली धृतलहरे, अभय कोसरे, हर्षिता सोनी, संध्या मिर्चे, चूड़ामणि सिन्हा, पीयूष कुलदीप का एक ही शिक्षण समूह से एक साथ 33 विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए मोहन राव सावंत जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद, सतीश नायर सहायक संचालक, फकीर चरण पटेल सीईओ जनपद, रामता डे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, केवल राम टंडन बीआरसीसी के अलावा गजानंद दीवान, मनीष अवसरिया, भूपेंद्र निराला आदि समस्त संकुल समन्वयकों ने सुपर 40 बागबाहरा टीम के कार्य का सराहा है।

### नवोदय विद्यालय में भी 10 बच्चों का चयन

बता दें कि इस वर्ष नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में भी 10 बच्चों का चयन हुआ है। सुपर 40 बागबाहरा के संयोजक एवं प्राचार्य स्वामी आत्मानंद कोमाखान हीरासिंग नायक, संयोजक एवं नवाचारी शिक्षक जितेंद्र दीवान मिडिल स्कूल गबौद ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उपलब्धि का श्रेय टीम के शिक्षकों को देते हुए सभी के सेवा की सराहना की है। संस्था के सक्रिय शिक्षकों में प्रमुख रूप से रश्मि शर्मा, अनिल चक्रधारी, सुभाष चंद्राकर, रिंकल बग्गा, योगेंद्र चंद्राकर, जगदेव प्रसाद साहू, छोटू राम निषाद, लोकनाथ रैदास, राजेंद्र साहू, दौलत दीवान, धनेश्वर साहू, अश्वनी दीवान, परस ठाकुर, रहमान खान आदि रहे। मीडिया प्रभारी धीरज तिवारी एवं केदारनाथ साहू शिक्षक ने बताया कि कुछ होनहार बच्चे आर्थिक कमी के चलते, कोचिंग व उचित मार्गदर्शन प्राप्त नहीं कर पाते, उनको निःशुल्क कोचिंग एवं प्रैक्टिस सेट उपलब्ध कराकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। इसमें कुछ शिक्षक साथी 15 किलोमीटर की दूरी तय कर भी रविवार की कक्षा का संचालन करने आते हैं।

**आयोजन :** गीत-संगीत, नृत्य, खेल-कूद के साथ दिनभर की जमकर मौज-मस्ती

# हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने बिताए फुर्सत के पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नपाध्यक्ष ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को श्रृंगार सामग्री के साथ दिया एक-एक पौधा

शहर की महिलाएं शहर के टाउनहॉल में शनिवार को एकत्र हुई और गीत-संगीत के साथ खेल-कूद और जमकर मौज-मस्ती की। अवसर था शहर की कामकाजी महिलाओं के लिए फुर्सत के पल कार्यक्रम का। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व और सावन उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित फुर्सत के पल का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरु हुआ। जहां शहर की हर वर्ग



महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम का लुप्त उठाया। आयोजन समिति ने महिलाओं के लिए एकल नृत्य स्पर्धा, समूह नृत्य के साथ पिन गिनों, चूड़ी गिनों, लूडो गेम और टायर से अंदर-बाहर स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बहाने महिलाओं ने अपने बचपन के दिनों को याद किया। कार्यक्रम की आयोजन समिति की प्रमुख महिलाओं ने बताया कि हर बार वे सावन माह में सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन करती है। इस बार उन्होंने कार्यक्रम को सावन की जगह फुर्सत के पल कार्यक्रम का नाम दिया और उसके हिसाब से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। जिसमें महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला और सभी ने इसका लुत्फ उठाया।

### नपाध्यक्ष राशि ने महिलाओं को श्रृंगार सामग्री के साथ दिया पौधा

कार्यक्रम के समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री, एक हैंड बैग और सभी को पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करते हुए सभी को एक-एक पौधा वितरित किया। इसके लिए सभी महिलाओं ने उनका आभार जताया और पर्यावरण सरंक्षण के लिए उनके द्वारा पौधे वितरित करने के लिए उनकी प्रशंसा की। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह हम महिलाएं अपने बच्चों के जन्म से लेकर उनके बड़े होने तक उनका देखभाल करती है, उसी तरह आप सभी इन पौधों को रोप कर बच्चों की तरह इसकी देखभाल कर उसको पेड़ बनाएं और पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में अपना योगदान दें। इस पर महिलाओं ने नपाध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पौधरोपण की यह पहल अच्छा है।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद मीना वर्मा, सरला गोलू मदनकार, लता संतोष यादव, डॉ ज्योति कालाकोटी, ज्योति चोपड़ा, सरिता तिवारी, राजश्री ठाकुर, निरंजना चंद्राकर, तारणी चंद्राकर, मधु तिवारी, माया पांडेय, ईशा टंडन, सती चंद्राकर, सुधा रात्रे, स्मिता ढफले, लता कैलाश चंद्राकर, राखी ठाकुर, ममता बग्गा, ममता जयसवाल, प्रेमशीला बघेल, रमा महानंद, नीतू प्रधान, प्रिया मदनकार, छाया राव, उमा महंती, अर्चना शर्मा, पदमनी साहू, कविता अम्बिलकर, गौरी शर्मा, रजिंदर कौर, कुमकुम शुक्ला, संध्या गजभिये, श्रीमती इंगोले, श्रीमती राठी, लक्ष्मी सोनी, लक्ष्मी साहू, राखी सोनी, दशोदा ध्रुव, तारा चंद्राकर, शकुन चंद्राकर और डॉली मदनकार समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा, विधायक ने की शुरुआत

**महासमुंद।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किए जाने के क्रम में शनिवार को नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 1, 14, और 16 का जनसमस्या निवारण शिविर शहर के शंकर नगर वार्ड में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कला बाई में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ विधायक राजू सिन्हा ने किया। सिन्हा ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करने उपस्थित अधिकारियों को कहा। विधायक ने कहा कि वार्डवासियों के रहवासी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचने के लिए नालियों की गंभीरता से सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। मुख्य नगर अधिकारी लवकेश कुमार पैकरा ने बताया कि शिविर में मांग एवं समस्याओं के 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर पार्षद मंगेश टाकसाले, देवीचंद राठी, रिंकू चंद्राकर, मुन्ना साहू, नोडल अधिकारी दिलीप कश्यप, अभिनव दुबे, दिलीप चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, विष्णु चंद्राकर, महेंद्र सिक्का, अनीश बग्गा, अभिषेक पांडे, गणेश चौहान सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रा ट्विंकल का साहू समाज ने किया सम्मान

**बसना।** अजीम प्रेम विश्वविद्यालय भोपाल में ईकॉनॉमी विषय में चार वर्षो तक स्कालरशिप में अग्रिम शिक्षा के लिए सफलता पर बंसुलाडीपा निवासी विकास साहू एवं चंद्रकांति साहू की सुपुत्री मेधावी छात्रा ट्विंकल साहू का सम्मान तेली साहू समाज ने किया। तहसील साहू समाज के सरंक्षक जन्मजय साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित विद्यार्थी साहू समाज की प्रतिभा है। मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित कर समाज भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका तैयार कर सकता है। बंसुला परिक्षेत्र अध्यक्ष



चंद्रमणि साव ने कहा कि विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य होते है। इन्हें बेहतर शिक्षा देकर ही हम उन्नतिशील समाज का निर्माण कर सकते है। तहसील साहू संघ बसना के कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में आएगी, जो साहू समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संयुक्त सचिव नवीन कुमार साव ने सभा को कहा कि ट्विंकल साहू ने यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त की है, ऐसे होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट्र का कल्याण होता हैं। इस अवसर पर रमेश साव, श्रवण साव, उमेश साव, रूपानंद साव, गजेंद्र साव पेंड्रावन, केशव साव पिलवापाली आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन शाला परिसर में किया पौधारोपण, बाल सभा का भी हुआ गठन

**नर्रा।** शासकीय बालक / कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन शाला परिसर में छायादार व फलदार पौधे का रोपण किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के संचालन के लिए बाल सभा का गठन किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में पोमेश्वरी प्रधानमंत्री बनी। वही बालक वर्ग से गौतम प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। दोनों वर्ग से शिक्षा मंत्री कुंती मुकेश बने। स्वस्थ्य मंत्री रेशमा और पारेख, खेलमंत्री हिमानी व वेदराम, संस्कृतिक मंत्री भूमिका तामेश, सुरक्षा मंत्री पूजा और आहिल, बागवानी पूनम खोमन, स्वच्छता व जल विभाग कोनिका व प्रेमशंकर, अनुशासन में ज्योति त्रमेश, खोया पाया विभाग में मुस्कान व सत्यम इत्यादि को मनोनीत कर बनाया गया है। इस प्रकार कक्षा के संचालन के लिए कक्षाओं में कक्षा नायक व उप कक्षा नायक का मनोयन कर



दायित्व बोध कराकर शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान प्रधान पाठक बालक श्रवण कुमार ठाकुर, प्रधान पाठक कन्या डीगम साहू, कुंती दीवान, शिक्षिका मनीष कुमार यादव, सहायक शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं व शाला परिवार का सहयोग रहा है।



### नवनिर्माणाधीन शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**महासमुंद।** शहर के गुड़रू पारा और मौहारी भाठा स्थित नव निर्माणाधीन शहरी स्वास्थ्य केंद्र हमर क्लीनिक का निरीक्षण विधायक राजू सिन्हा ने शनिवार को किया। इस दौरान पार्षद मंगेश टांकसाले, विजय साव, गिरधर यदु, गुड्डा सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अनिरुद्ध कसार, इंजीनियर लेखराज ठाकुर उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में विवेकानंद डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत

**बसना।** नई दिल्ली के प्रसिद्ध कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। देश की राजधानी नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वतजनों को विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि एवं विद्या वारिधि उपाधि से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्म डॉ अरविंद कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ इंदु भूषण मिश्र देवेंदु की अध्यक्षता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कथावाचिका दीपा मिश्रा उपस्थित रहीं। दुर्ग से आए हुए राष्ट्रीय पर्यावरणविद डॉ विश्वनाथ पानीग्राही ने विशिष्ट सानिध्य प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथियों ने हिंदी भाषा के विकास तथा राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने को लेकर अपने विचार प्रकट किए तथा अतिथियों द्वारा देश के प्रधानमंत्री



के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पत्रक का विमोचन किया एवं शमी का पौधा क्लब में रोपित किया। पं.दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ का यह विशिष्ट सम्मान प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, लेखकों, शिक्षकों, साहित्यकारों, पर्यावरणविदों एवं अन्य विद्वतजनों को हिंदी लेखन, शिक्षा के उन्नयन, पर्यावरण जागरूकता, चिकित्सा सेवा, जल संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर विवेकानंद दास सहायक शिक्षक शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बसना को विद्यावाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों को विद्यापीठ स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से महाराष्ट्र के डॉ शिवाजी रामभाऊ शिंदे, ओडिशा के डॉ हरि भाई आर्यन, छत्तीसगढ़ के डॉ कुलवंत सिंह सलूजा, मध्य प्रदेश के डॉ राजू गजभिए, उत्तर प्रदेश के डॉ जगदीश पिल्लई, कर्नाटक के डॉ प्रसाद एसएम आदि उपस्थित रहे। विवेकानंद दास से डॉक्टर विवेकानंद दास बनाने के लिए इस उपलब्धि को डॉ विश्वनाथ पानीग्राही के मार्गदर्शन एवं डॉ वीरेंद्र कर के सानिध्य को समर्पित किया। समारोह का संचालन आचार्य पं. जानकी बल्लभ शास्त्री ने किया तथा आभार संदीप शर्मा ने व्यक्त किया।

# नर्रा में टंकी से पानी की सप्लाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत नर्रा में करोड़ रुपए की लागत से जल ही जीवन मिशन के तहत पानी टंकी एवं पाइप लाइन का विस्तारीकरण किया जाना है। वही केंद्र पर बैठे मोदी सरकार ने हर ग्रामीण के घरों में नल का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ शुद्ध पेयजल मिल सके। इस तरह ग्राम पंचायत नर्रा में ढाई से तीन वर्ष के बाद वार्ड नं 1 रावणभाठा के ग्रामीणों को नल जल से पानी मिलना नसीब हुआ है। वार्ड के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लेकिन, इस वार्ड के ग्रामीण दिनेश पटेल, दिनेश यादव,



सुरेश यादव, इंदल ध्रुव, अमर सिंह ध्रुव, आनंद विश्वकर्मा, सुकदेव, याकूब खान आदि का कहना है कि विभाग ने नल जल से पानी टंकी से सप्लाई की शुरूआत तो कर दी है। मगर, विभाग ने टंकी को खुला छोड़ रखा है। टंकी पर सफाई करने के लिए घुसने के लिए एक छोटा सा गेट बनाया गया है। किंतु, गेट पर ढक्कन लगाना भूल गए, जिससे बरसात का पानी सीधे टंकी में प्रवेश करने से ग्रामीणों के सेहत पर असर पड़ सकता है। इधर, विभाग ने आनन फानन में पानी की सप्लाई शुरू की। ग्राम के सभी वार्डों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। परंतु, नल जल का कनेक्शन वार्ड नं 8 और 9 में ही नहीं पहुंच पाया है। पुराने कनेक्शन से ही पानी की सप्लाई हो रही है।





